संयुक्त अरब अमीरात के महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के सम्मान में आयोजित राजभोज में भारत के राष्ट्रपति, श्री प्रणब मुखर्जी का अभिभाषण

राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली : 30.01.2017

महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान

महामहिमगण,

देवियो और सज्जनो,

मुझे महामहिम आपका और आपके महत्त्वपूर्ण शिष्टमंडल के सम्मानित सदस्यों का भारत आगमन पर स्वागत करके प्रसन्नता हुई है।

मुझे लगभग एक वर्ष पूर्व आपकी भारत यात्रा की मधुर स्मृति है और मुझे एक बार पुन: इस बार हमारे भारत के 68वें गणतंत्र दिवस समारोह में हमारे सम्मानित मुख्य अतिथि के रूप में आपका स्वागत करने पर प्रसन्नता हो रही है।

आपकी राजकीय यात्रा हमारे स्थाई संबंधों और समय पर परखी हुई मैत्री का प्रमाण है। आज हमारे संबंध हमारी दोनों जनता की आकांक्षाओं की विलक्षण समानता और उन आदर्शों से प्रेरित है जिन पर हमारे दोनों राष्ट्र आधारित हैं।

महामहिम,

संयुक्त अरब अमीरात एक देश जिससे हम भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से निकट हैं, के साथ भारत के संबंध इतिहास में गहराई तक स्थापित हैं। हमने हाल ही में अपने संबंधों को राजनीतिक, आर्थिक, ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा सहयोग के व्यापक रिश्ते में विकसित किया है। यह अत्यंत संतोष का विषय है कि आज हमने व्यापक कार्यनीतिक साझेदारी समझौता रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए हैं और हम दोनों इसे अधिकतम क्षमता तक बढ़ाने के इच्छुक हैं।

1975 और 1992 में आपके सम्मानित पिता महामहिम शेख जायद बिन सुल्तान अल नाहयान की भारत की तथा नवम्बर, 2010 में मेरी पूर्ववर्ती राष्ट्रपति, श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटील की अरब अमीरात की ऐतिहासिक यात्राओं ने हमारे द्विपक्षीय संबंधों की मजबूत नींव रखी। प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी की अगस्त, 2015 में आपके मनोरम देश की महत्त्वपूर्ण यात्रा और फरवरी, 2016 में इसके प्रत्युत्तर में महामहिम की यात्रा ने हमारे संबंध को उस स्तर पर पहुंचा है जिससे हमने अपने लक्ष्यों को और ऊंचा निर्धारित कर दिया है।

महामहिम,

भारत संयुक्त अरब अमीरात को भारत की ऊर्जा सुरक्षा के एक वश्वसनीय और भरोसेमंद के रूप में अत्यंत महत्त्व देता है। हम अपने कार्यनीतिक पेट्रोलयम भंडार की स्थापना में आपकी भागीदारी का स्वागत करते हैं। हम भारत में तेल शोधन और पेट्रोरसायन परियोजनाओं में संयुक्त उद्यमों, आपके देश में की अपस्ट्रीम परियोजना में हमारी कंपनियों की भागीदारी तथा तीसरे देशों में संयुक्त अन्वेषण के रूप में आपके साथ और गहरी ऊर्जा साझेदारी चाहते हैं।

संयुक्त अरब अमीरात हमारे सर्वोच्च व्यापार साझीदारों में शामल है। हमारे आर्थक और वाणज्यिक संबंध आज पहले से कहीं अधक व्यापक हो गए हैं जिनमें अनेक उत्पाद और सेवाएं शामल हैं। ढांचागत क्षेत्र में तीव्र वकास की हमारी योजनाओं से वदेशी प्रत्यक्ष निवेश की हमारी सरकार का उदारीकरण तथा वश्व में एक सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में भारत में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। मैं इस अवसर पर, संयुक्त अरब अमीरात के कारोबार घरानों को 'भारत में निर्माण', 'डजिटल भारत' और 'स्मार्ट सटीज' कार्यक्रमों जैसी हमारी अग्रणी परियोजनाओं में भाग लेने के लए भारत के निमंत्रण को दोहराता हूं। हम अपने राष्ट्रीय ढांचागत निवेश कोष में आपके साथ सुदृढ़ साझेदारी की उम्मीद करते हैं।

हम भारतीय, संयुक्त अरब अमीरात के अपने मत्रों द्वारा की गई अत्यधक प्रगति और समृद्ध से प्रसन्न हैं। भारतीय निजी क्षेत्र को आपके देश में महत्त्वपूर्ण निवेश करके खुशी हुई है। हमारी कंपनियां वैश्विक रूप से प्रतिष्ठित हैं और उनके पास उच्च स्तरीय ढांचागत परियोजनाओं के कार्यान्वयन का बहुत अनुभव है। वे दुबई में वश्व एक्सपो 2020 की तैयारियों में साझेदार बनने के लए उत्सुक हैं।

यह संतोष का वषय है क अपने वर्तमान संबंध और सहयोग को सुदृढ़ बनाते हुए भी हमारी सरकारें, वर्तमान में इन्हें और व्यापक बनाने के नए अवसर खोज रही हैं। हमारे आगे बढ़ने पर, प्राथमकताओं के रूप में संयुक्त रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष और नवीकरणीय ऊर्जा की पहचान गई है।

महामहिम

संयुक्त अरब अमीरात ने बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासयों को उदारतापूर्वक अपनाया है और उन्हें फलने-फूलने और समृद्ध बनने के लए प्रोत्साहित कया है, जिसके लए हम आपका हार्दिक धन्यवाद देते हैं। अपने मेजबान देश के वकास और प्रगति में इस समुदाय का सकारात्मक योगदान भलीभांति मान्य और सराहनीय रहा है। हमें उनकी सुरक्षा और कुशलता में आपके निरंतर सहयोग पर वश्वास है।

मैं इस अवसर पर, उग्रवाद, आतंकवाद और असहिष्णुता की शक्तियों, जो हमारे समाजों के ताने-बाने को क्षीण करने का प्रयास करती हैं, के वरुद्ध हमारे जैसे दायित्वपूर्ण राष्ट्रों के लए सामूहिक प्रयासों को जारी रखने की अत्यधक आवश्यकता को दोहराता हूं। पश्चिम एशया और दक्षण एशया एशया दोनों में शांति और स्थिरता के लए कार्य करने में हमारा साझा हित है।

महामहिम, हमारे लोग संयुक्त अरब अमीरात की मैत्री को महत्त्वपूर्ण मानते हैं। हम हमारे द्वपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की आपकी प्रतिबद्धता तथा संयुक्त अरब अमीरात के महामहिम राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान द्वारा हमारे संबंधों को एक घनिष्ठ व्यापक साझीदारी के रूप में सुदृढ़ बनाने के व्यक्तिगत योगदान की गहरी सराहना करते हैं। हम राष्ट्रपति के अच्छे स्वास्थ्य तथा दीर्घ और सुखमय जीवन की कामना करते हैं।

इन्हीं शब्दों के साथ, मैं एक बार पुन: महामहिम का स्वागत करता हूं तथा आपको और आपके शष्टमंडल को भारत की सफल यात्रा की शुभकामनाएं देता हूं।